## महत्वपूर्ण एवं खास

### अज्ञात महिला की नग्न लाश मिलने से फैल सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़ (आरएनएस)।** जिले के भूपदेवपुर थाने के एक गाँव के पास एक महिला की नग्न लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। लाश के पास उसके कपड़े जलाकर सुबूतों को मिटाने की भी कोशिश की गई है। लाश के पास ट्रेन की टिकट मिली है, जो ओडिशा के बेलपहाड़ से रायगढ़ तक की है। भूपदेवपुर पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। थाना प्रभारी के अनुसार महिला की पहचान नहीं हो पाई है लाश को पीएम के लिए भेजा गया है। बलात्कार की आशंका जताई जा रही है। इस संबंध में पतासाजी की जा रही है।

### बेमौसम बारिश से उद्यानिकी फसलों के क्षति की जानकारी देने टोल फ्री नंबर जारी

**कोरबा/रायपुर (आरएनएस)।** बेमौसम बारिश होने वाले फसल क्षति के नुकसान की जानकारी देने के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। किसान उद्यानिकी फसलों की क्षति की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800-209-5959 पर 72 घंटे के भीतर दे सकते हैं। सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि रबी मौसम में बोए गये उद्यानिकी फसलों के लिए बीमा कराने वाले किसान बारिश से होने वाली फसल क्षति की जानकारी दे सकते हैं। फसल क्षति का आंकलन करके नियमानुसार किसानों को बीमा क्लेम का भुगतान किया जायेगा।

### ट्रक से टकराकर बाइक सवार पुलिस आरक्षक घायल

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिला मुख्यालय के गीदम रोड स्थित सूर्या कॉलेज के पास बीती रात एक बाइक सवार पुलिस आरक्षक ट्रक से टकराकर घायल हो गया, जिसे डायल 112 के मदद से मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में भर्ती कराया गया। परपा थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात परपा थाने में पदस्थ आरक्षक बामन सेन अपनी बाईक सीजी 17 केआर 2480 में अपने घर जा रहा था, इस दौरान गीदम रोड स्थित सूर्या कालेज के पास ट्रक क्रमांक सीजी 17 एच 2183 से टकरा गया। जिससे बाईक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस द्वारा 108 एम्बुलेंस की सहायता से डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

### कोरोना से संक्रमित 95 मिले, मेला-मड़ई पर लगा प्रतिबंध

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले में 95 लोगों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। महामारी को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों को प्रथम चरण में बंद कर दिया है। सभी स्थानों के मेला मड़ई पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग से जारी रिपोर्ट में शुक्रवार को नगर से 61 लोगों को संक्रमित पाया गया। वहीं पर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से 34 लोग संक्रमित पाए गए हैं। कोरोना की तीसरी लहर में संक्रमण तेजी से फैल रहा है। मास्क का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी शुरू कर दिया गया है। व्यापारी संगठन से भी दुकान में आने वाले ग्राहकों को मास्क की अनिवार्यता कर दिया गया है। किसी प्रकार का लक्षण होने पर घर से बाहर नहीं निकलने और गंभीर हालत होने पर अस्पताल में भर्ती होना अनिवार्य किया गया है।

# निर्माणाधीन पानी टंकी पास रखे छड़, पाईप की चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**» पुलिस के हाथ आये दो अपचारी बालक, चोरी गई सारी सम्पत्ति बरामद**

**» एक अन्य मामले में रात्रि गस्त दौरान चोरी की मोटर पम्प के साथ युवक गिरफ्तार**



**रायगढ़।** घरघोड़ा टीआई अमित सिंह के नेतृत्व में घरघोड़ा पुलिस द्वारा दिनांक 14-15.01.2022 की रात्रि गस्त दौरान चिमटापानी बस स्टेण्ड के पास संदिग्ध घूम रहे युवक के पास एक मोटर पम्प की बरामदगी की गई है, वहीं आज दिनांक 15.03.2022 को ग्राम पतरापाली फगुरम में जल जीवन योजनांतर्गत पी.एच.ई. विभाग द्वारा कराये जा रहे पानी टंकी की साइड से चोरी गये लोहे की छड़, पाईप के आरोपितों को चोरी की पूरी मशरूका समेत रिपोर्ट के मात्र पांच घंटे के भीतर सक्रिय सूचनातंत्र के जरिये पकड़ा गया है। आरोपितों को रिमांड पर भेजा गया है।

संपत्ति संबंधी अपराधों में लगाम लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को रात्रि गस्त दौरान प्राथमिकता से सस्पेक्ट व्यक्तियों व असमाजिक तत्वों पर कार्यवाही संबंधी दिशा-निर्देश व उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह द्वारा अपने स्टाफ को रात्रि गस्त दौरान पांइट पर मिलने वाले हर एक व्यक्ति से हिकम्मत अमली (कड़ी पूछताछ) करने का निर्देश दिया गया है। दिशा निर्देशों के अनुरूप दिनांक 14-15.01.2022 के दरम्यानी रात घरघोड़ा पुलिस की रात्रि गस्त पार्टी द्वारा ग्राम चिमटापानी बस स्टेण्ड के पास एक व्यक्ति को संदेहास्पद स्थिति में एक मोटर पंप रखे हुये मिला जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम दिनेश यादव पिता एतवारसिंह उम्र 19 वर्ष नि. बटुराकछार का होना बताया जिसके पास रखे मोटर पंप के संबंध में पूछताछ करने पर टाल-मटोल जवाब दिये जिससे कड़ी पूछताछ करने पर मोटर पम्प को थाना लैलूंगा क्षेत्रांतर्गत लारीपानी गांव में कोलाबाडी कुंआ में लगे मोटर पंप को निकाल कर चोरी कर बिक्री हेतु लाना बताया। आरोपी से चोरी की मोटरपंप साबर कंपनी 01 एच.पी. कीमती 15,000 रूपये को चोरी की संपत्ति होने से जप्त कर आरोपी को धारा 41(1-4) जा.फौ./379 भा.द.वि. अंतर्गत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

वहीं आज दिनांक 15.01.2022 के सुबह रिपोर्टकर्ता समर प्रताप भदौरिया निवासी खरसिया का रिपोर्ट दर्ज कराया कि जल जीवन योजनांतर्गत पी.एच.ई. विभाग घरघोड़ा द्वारा ग्राम पतरापाली फगुरम में उच्चस्तरीय पानी टंकी का निर्माण कराया जा रहा है , जहां दिनांक 13.01.2022 के दरम्यानी रात कोई अज्ञात चोर बेलचा, तार, क्यूब, सरिया, रिंग को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 11/2022 धारा 379 भा.द.वि. कायम कर टीआई अमित सिंह द्वारा माल मुल्जिम की पतासाजी के लिये अपने स्टाफ को मुखबिर से जानकारी लेकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल पर गवाहों व ग्रामवासियों से पूछताछ कर चोरी की सम्पत्ति की छानबीन करते हुए 02 अपचारी बालकों को हिरासत में लेकर बारिकी से पूछताछ किया गया जो अपने एक अन्य साथी के साथ घटना कारित करना स्वीकार कर दोनो विधि के साथ संघर्षरत बालक घरघोड़ा थाना क्षेत्रा के निवासी हैं जिनके मेमोरेडंम पर अपहृत संपत्ति 03-03 बंडल छड एवं अन्य सामान जुमला कीमती 38300 रूपये का जप्त कर महज 05 घंटे के भीतर अपहृत संपत्ति को बरामद कर विधि के साथ संघर्षरत अपचारी बालकों को धारा 379,34 भा.द.वि. के तहत न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। एक अन्य सह-आरोपी घटना बाद से फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है। संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक अमित सिंह थाना प्रभारी घरघोड़ा, सउनि चंदन सिंह नेताम, आरक्षक नंदु पैंकरा, नरेन्द्र पैंकरा, बीरबल भगत, पुरूषोत्तम सिदार की विशेष भूमिका रही है।

## जूटमिल के मिट्ठुमुडा में धारदार हथियार से युवक घायल, दो आरोपियों पर हत्या का प्रयास का अपराध दर्ज

**» एक आरोपी गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक रिमांड पर, एक आरोपित फरार**

**रायगढ़।** पुलिस चौकी जुटमिल अन्तर्गत सारथीपारा मिट्ठुमुडा में दिनांक 14.01.2022 की रात्रि में हुये मारपीट की घटना को लेकर आज दिनांक 15.01.2022 को रितेन सारथी पिता शंकर सारथी (20 वर्ष) निवासी सारथीपारा मिट्ठुमुडा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि बीते रात्रि करीब 09.30 बजे इसका भाई लाला सारथी (23 वर्ष) व करण सारथी घर के बाहर गली में घरेलु बात को लेकर आपस में झगडा विवाद हो रहे थे। उसी समय पड़ोस में रहने वाला एतवार सिंह सारथी अपने घर से निकल कर आया और तुम्हारा रोज का यही हाल है, आज तुमको मारकर रोज का विवाद खत्म कर देता हूं कहकर डण्डा से लाला सारथी के सिर में प्राण घातक हमला कर गंभीर चोंट पहुंचाया तब करण सारथी, एतवार सिंह सारथी को पकड लिया जिसे देख एतवार सिंह सारथी का लडका अपने घर से एक चाकू लेकर निकला और लाला सारथी पर चाकू से प्राण घातक हमला किया जिससे लाला सारथी के हाथ में चोट आया है। लाला सारथी को ईलाज के लिये केजीएच रायगढ में भर्ती किये हैं। चौकी जूटमिल में एतवार सिंह और उसके बेटे पर हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी एतवार सिंह सारथी पिता स्व. ठंडाराम सिंह (47 वर्ष) को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। एतवार सिंह का लड़का फरार है, पतासाजी की जा रही है।

## अवैध शराब भट्ठी पर बरमकेला पुलिस की रेड कार्रवाई

**» शराब बनाने रखे गये 30 बोरी महुआ पास का किया नष्ट**

**» गिरहूलपाली मेन रोड में 39 लीटर महुआ शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार, भेजे गए रिमांड पर**



**रायगढ़।** अवैध शराब पर कार्रवाई के क्रम में आज दिनांक 15/01/2022 के दोपहर थाना प्रभारी बरमकेला को उनके सक्रिय मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम गिरहूलपाली में वैद तलाब के पास कुछ लोग अवैध शराब भट्ठी पर महुआ शराब बना रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी डीके मारकंडे के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा रेड कार्यवाही किया गया। पुलिस की आने की सूचना पर शराब बनाने वाले मौके से भाग गये थे। पुलिस टीम द्वारा शराब बनाने के लिये रखे गये 30 बोरी महुआ पास का नष्टीकरण किया गया।

इसी दौरान मुखबिर सूचना पर गिरहूलपाली के आम रोड में दो युवकों को अवैध शराब परिवहन करते पकड़ा गया है। आरोपी युवक विशेश्वर कुमार टंडन पिता कार्तिक राम टंडन उम्र 21 वर्ष एवं विष्णु मिरी पिता दूजे राम मिरी उम्र 23 वर्ष दोनों निवासी गिरहूलपाली से 39 लीटर महुआ शराब कीमती 7800 की जप्ती की गई है। आरोपियों पर आबकारी एक्ट की धारा 34(2),59(क) आपकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। शराब रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी बरमकेला निरीक्षक डी.के मारकंडे, प्रधान आरक्षक शम्भू पांडे, आरक्षक तरुण महिलाने, दिनेश सिदार, मिनकेतन पटेल एवं नंदकुमार चौहान की अहम भूमिका रही है।

## बाइक चोरी करने वाला आरोपी को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार, 5 मोटरसाइकिल बरामद



**रायगढ़।** शहर के संजय मार्केट से बाइक चोरी की शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाही करने के दिशा निर्देश पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर को दिये गये थे। पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी लखन पटले व सीएसपी योगेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर नगर कोतवाल मनीष नागर द्वारा बाइक चोरी पर लगाम लगाने अपने थाने के स्टाफ को मुखबिरों से जानकारी लेकर संदिग्धों की धरपकड़ करने लगाया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 15.01.2022 को थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में संदिग्धों की धरपकड़ की जा रही थी कि मुखबिर द्वारा टीआई मनीष नागर को सूचना दिया कि एक व्यक्ति चोरी का मोटरसाइकिल बिक्री करने हेतु केवड़ावाड़ी चौक के आसपास घूम रहा है। सूचना पर स्टाफ को कार्रवाही के लिये रवाना कर टीआई नागर गवाहों के साथ मुखबीर के बताए स्थान केवड़ाबाडी जोहल पैलेस होटल के पास पहुंचकर संदेही की घेराबंदी किया गया। जहां एक व्यक्ति मोटरसाइकिल के साथ संदिग्ध हालत में पकड़ा गया नाम पूछने पर अपना नाम भोले शंकर कैवर्त्य पिता जीवन प्रकाश उम्र 30 वर्ष निवासी डभरा थाना डबरा जिला जांजगीर चांपा का रहने वाला बताया जिसके पास से एक काला आसमानी रंग का हीरो एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 13 वी 1708 मिला। संदेही से गाड़ी के कागजात की मांग करने में गोलमोल जवाब दिया जिसे हिकमत अमली से पूछताछ करने पर वाहन को गत 13 जनवरी को संजय मार्केट हटरी से चोरी करना बताया। जिस पर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी से पूछताछ में अपने मेमोरेंडम कथन पर अपने कथन में बताया कि 20-25 दिन पूर्व मिलूपारा तमनार से एक प्लेटिना मोटरसाइकिल सीजी 11 बी 2301, राजपुर लैलूंगा से हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 14 एमए 5054 एवं 2 माह पूर्व कमला नेहरू पार्क चक्रधरनगर से हीरो हौंडा स्प्लेंडर बिना नंबर का एवं 2 माह पूर्व एक्टिवा मैरून रंग सीजी13 यूबी-468 को सोनियानगर से चोरी कर टपरंगा के ईट भट्ठा के पास मकान में छिपा कर रखना बताया। आरोपी के निशानदेही पर एक स्कुटी, चार बाइक कुल पांच दुपहिया वाहन कीमती 1,15,000 का जब्त कर आरोपी भोलेशंकर कैवर्त्य पर इस्तगासा धारा 41(1+4) सीआरपीसी/379 आईपीसी की कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर, प्रधान आरक्षक श्यामदेव साहू, नंदू सारथी, आरक्षक उत्तम सारथी, पुष्पेन्द्र जाटवर, रूपराम साहू, विनोज लकड़ा की अहम भूमिका रही है।

## मौसम खुलते ही न्यूनतम तापमान में आई गिरावट, बढ़ी ठंड


**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में करीब सप्ताहभर बाद मौसम खुलने से न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है, जिससे प्रदेश में अच्छी ठंड पड़ने लगी है। मौसम खुलने के कारण प्रदेश के कई स्थानों पर कल घना कोहरा छाने की भी संभावना है।

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में हवाओं की दिशा में परिवर्तन होने जा रहा है जिसके कारण प्रदेश के मौसम में परिवर्तन अवश्यसंभावी है। प्रदेश में 16 जनवरी को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश के उत्तरी भाग में न्यूनतम तापमान में गिरावट होने तथा प्रातः काल में मध्यम से घना कोहरा छाने की संभावना है। शेष हिस्सों में बादल के छंटे जाने के कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट संभव है तथा प्रातःकाल में हल्की से मध्यम घना कोहरा कुछ पैकेट में बनने की संभावना है।

**प्रदेश में कुछ स्थानों पर हो सकती है हल्की बारिश-** प्रदेश में आज भी गरज–चमक के साथ कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या गरज–चमक के साथ छींटे पड़ सकते है। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि आज प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटें पड़ने की संभावना है। इसके अलावा प्रदेश में अधिकतम तापमानों में वृद्धि होने की संभावना बन रही है। उत्तर छत्तीसगढ़ में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं के आगमन के कारण प्रातःकाल में कोहरा छाए रहने की संभावना है।

## फर्जी शिकायत पत्र तैयार कर प्रचार करने वाले रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी सहित 3 गिरफ्तार

**» मुख्य आरोपी ने रिटायर्ड के बाद संविदा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था, जिसे शासन ने स्वीकार नहीं किया**



**रायपुर (आरएनएस)।** फर्जी शिकायत पत्र के आधार पर शासन की छबि धूमिल करने वाले तीन आरोपियों को राखी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कम्प्यूटर सेट, पेनड्राइव, कपिल द्वारा लिखा गया पत्र, शिकायत पत्रों की बची हुई नस्तियां एवं आरोपियों के मोबाइल को जब्त किया है।

गौरतलब हो कि प्रार्थी आशुतोष चावरे उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ1 इंद्रावती भवन नवा रायपुर में कार्यरत है। उसने राखी थाना में शिकायत किया कि कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा उसे बदनाम करने की नीयत से उसके नाम का फर्जी हस्ताक्षर कर विभिन्न गणमान्य एवं अधिकारियों की शिकायत संबंधी पत्र एवं शिक्षा मंत्री के पीए की कथित डायरी की प्रति के साथ विभिन्न स्थानों से विगत कुछ दिनों से प्रेषित किये जा रहे है। जिससे विभागीय अधिकारियों की छवि खराब हो रही है। पुलिस ने मामले में धारा 419, 469 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी गेंदाराम चंद्राकर 64 वर्ष निवासी ग्राम भड़हा थाना खरोरा, संजय सिंह ठाकुर 51 वर्ष निवासी देवेन्द्र नगर सेक्टर 4 और कपिल कुमार देवदास 30 वर्ष निवासी टाटीबंध को गिरफ्तार किया है। मामले में मुख्य आरोपी रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी गेंदाराम चंद्राकर है।

## डेयरी उद्यमिता विकास योजना से कमल हुए खुशहाल



**रायगढ़ ।** शासन पशुपालकों को उद्यमिता की ओर अग्रसर करने के लिए नित नई योजनाएं संचालित कर रही है। जिसके माध्यम से सामान्य पशुपालक भी अब शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर उद्यम विकसित कर रोजगार सृजित कर लाभान्वित हो रहे है। जिससे उनके जीवन स्तर में अभूतपूर्ण बदलाव देखने को मिल रहा है। वही शासन की योजनाएं भी धरातल पर फलीभूत हो रही है।

विकासखंड सारंगढ़ के ग्राम तिलाईपाली निवासी पशुपालक कमल पटेल को पूर्व से पशुपालन में लगाव था। जिसके बाद उन्हें डेयरी इकाई संचालन में रूचि जागृत हुई। जिसके लिए उन्होंने पशुधन विकास विभाग में क्रियान्वित की जाने वाली राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना की जानकारी प्राप्त हुई। इसके पश्चात पटेल द्वारा पशु चिकित्सालय सारंगढ़ में पशु चिकित्सा शल्यज्ञ से संपर्क कर बैंक से 12 लाख ऋण हेतु आवेदन किया। ऋण स्वीकृति के उपरांत प्राप्त राशि से वर्ष 2018-19 में पटेल ने डेयरी इकाई की स्थापना की। बैंक से प्राप्त राशि से पटेल ने पहले 14 एच.एफ. क्रास गाय एवं 01 जर्सी क्रास गाय का क्रय किया। इसके साथ ही पशुओं के लिए शेड निर्माण कर, जल व्यवस्था एवं वर्मी कम्पोस्ट टैंक का भी निर्माण कराया। इस प्रकार सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं को विकसित कर पटेल द्वारा डेयरी इकाई का व्यवसाय को मूर्त रूप दिया गया। जिसमें कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, रायगढ़ द्वारा पटेल को डेयरी इकाई स्थापना के लिए 5 लाख 99 हजार रुपये का अनुदान राशि प्रदाय की गई। डेयरी इकाई के स्थापना के प्रारंभिक दौर में लगभग 90-100 लीटर तक दूध का उत्पादन होता था। जिसका विक्रय से पटेल को अच्छी आय अर्जित होती थी। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मार्गदर्शन में पटेल ने पशुओं क कृत्रिम गर्भाधान करवाया, जिससे पटेल के डेयरी में आज में 21 गाये व 15 बछड़े-बछिया हैं। जिससे वर्तमान में लगभग 115-120 लीटर दुग्ध उत्पादन होता है जिससे प्रतिवर्ष लगभग 4 लाख 50 हजार रूपए आय प्राप्त होती है इसके साथ ही गांव के अन्य घरों से दुग्ध संकलन का कार्य भी किया जाता है। डेयरी उद्यमिता से पटेल का परिवार खुशहाल हो चुका है पटेल पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संपर्क में रहते हुए डेयरी के नए तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर डेयरी व्यवसाय को विकसित करने में कार्य करते है। जिससे पटेल आज अन्य पशुपालकों के लिए प्रेरणास्त्रोत भी बन चुके है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480